निजी निवेश बढ़ने तक पूंजीगत व्यय के जरिये वृद्धि को समर्थन देती रहेगी सरकार



मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि निजी क्षेत्र का निवेश बढ़ने तक सरकार पूंजीगत व्यय के जरिये आर्थिक वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी। सीतारमण ने यहां एचएसबीसी की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार राजकोषीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय जारी रखने के साथ खर्च के मामले में संतुलन बनाए रखेगी। सीतारमण ने कहा, ''पूंजीगत व्यय हमारी वृद्धि रणनीति का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब तक निजी क्षेत्र क्षमता विस्तार या नई क्षमता स्थापित करने के लिए निवेश नहीं करता, तब तक सरकार के लिए पूंजीगत व्यय को जारी रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले चार-पांच वर्षों में इस रणनीति के अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं और इससे अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। सरकार इस दिशा में आगे भी काम करती रहेगी, क्योंकि भारत की वृद्धि की रफ्तार किसी भी सूरत में कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। हालांकि, वित्त मंत्री ने राजकोषीय अनुशासन को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि वृद्धि को प्रोत्साहित करने और खर्च जारी रखने के लिए विवेकपूर्ण होने के साथ नए तरीके भी अपनाने होंगे। उन्होंने अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक बने रहने का उल्लेख करते हुए भारतीयों से देश के बारे में पूरे भरोसे के साथ बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में कोई कमजोरी नहीं है और जमीनी स्तर पर गतिविधियां मजबूत हैं। सीतारमण ने कहा कि मजबूत जीएसटी संग्रह और भारतीय बैंकों की स्थिति अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी जानकार लोग भी संदेह जताते हैं, लेकिन देश को इस भाषा में बदलाव लाने की जरूरत है।

टाटा समूह अर्थव्यवस्था के लिए अहम बातचीत के जरिये सुलझाएं मतभेद

मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि टाटा संस और उसके सबसे बड़े शेयरधारक टाटा ट्रस्ट के बीच जारी मतभेदों को जल्द से जल्द आपसी सहमति से सुलझाया जाना चाहिए। विदेशी निवेशकों की ओर से पूंजी निकासी और करों में कटौती की बढ़ती मांग के बीच सीतारमण ने इन मुद्दों पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह चिंताएं जताने वाली मुखर आवाजों के प्रति संवेदनशील हैं। टाटा समूह के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इसे सार्वजनिक मंच पर नहीं आना चाहिए। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कुछ कहने से इनकार कर दिया कि क्या सरकार दोनों पक्षों को बातचीत के लिए साथ लाने का प्रयास करेगी। उन्होंने इस मामले को संवेदनशील बताया। सीतारमण ने कहा यह भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए दोनों पक्षों को आपसी सहमति से इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए और बातचीत के जरिये जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा यह मामला इस तरह सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आना चाहिए। नेतृत्व से परिपक्वता की उम्मीद करते हुए हम चाहते हैं कि इसका जल्द समाधान हो। इस मुद्दे को संवेदनशील बताते हुए सीतारमण ने कहा कि इसे सुलझाने के लिए व्यावसायिक समझ और सभी संबंधित पक्षों के बीच सौहार्द जरूरी है।

भारत में एआई बूम से बढ़ेंगी नई नौकरियां

नई दिल्ली। भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से बढ़ता इस्तेमाल रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है। इनडीड के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जून 2025 से जून 2026 के बीच फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर (एफडीई) की मांग करीब 19 गुना बढ़ गई है। वहीं, पिछले दो वर्षों में डेटा सेंटर से जुड़ी नौकरियां भी लगभग दोगुनी हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां अब ऐसे इंजीनियरों को प्राथमिकता दे रही है।

गोदरेज अप्लायंसेज का त्योहारी ऑफर

मुम्बई। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का अप्लायंसेज बिजनेस इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए घरेलू उपकरणों की खरीदारी को और फायदेमंद बना रहा है। कंपनी चुनिंदा उत्पादों पर पांच साल की व्यापक वारंटी दे रही है।

फोनपे ने की कैशबैक ऑफर की घोषणा

मुम्बई। फोनपे ने धनतेरस के मौके पर 24 कैरेट डिजिटल गोल्ड पर शानदार कैशबैक ऑफर की घोषणा की है। यूज़र्स फोनपे से कम से कम 2000 रुपए का डिजिटल गोल्ड खरीदने पर फ्लैट 2 प्रतिशत कैशबैक पा सकते हैं। यह ऑफ़र 6 नवंबर को सिर्फ़ एक बार के ट्रांज़ैक्शन के लिए लागू है, ऑफ़र का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को कम से कम 2000 रुपये का 24कैरेट डिजिटल गोल्ड खरीदना होगा।

एवरेडी इंडस्ट्रीज का राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़ा

मुम्बई। एवरेडी इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए। कंपनी ने लगातार आठवीं तिमाही सालाना आधार पर राजस्व में वृद्धि दर्ज की है। दूसरी तिमाही में कंपनी का समेकित परिचालन राजस्व 386.8 करोड़ रुपये से 10.7 प्रतिशत बढ़कर 428.2 करोड़ रुपये हो गया। एबिटडा 49.4 करोड़ रुपये से बढ़कर 53.8 करोड़ रुपये रहा और मार्जिन 12.6 प्रतिशत पर स्थिर बना रहा।

मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए फंडामेंटल और टेक्निकल बेस पर चुने शेयर

मुंबई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड की रिटेल ब्रोकिंग यूनिट कोटक नियो ने इस दिवाली संवत 2083 के मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए टॉप शेयरों की लिस्ट जारी की है। इसमें फंडामेंटल और टेक्निकल आधार पर चुने गए शेयर शामिल हैं। दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कोटक नियो के हेड ऑफ इक्विटी रिसर्च श्रीकांत चौहान ने कहा कि लंबे समय तक बाजार में गिरावट और उतार-चढ़ाव के बाद संवत 2083 में लंबी अवधि के निवेशकों के लिए हालात बेहतर होते दिख रहे हैं।

अनुपम खेर को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

नई दिल्ली। हाथी एडिबल ऑयल ने अभिनेता अनुपम खेर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। वर्ष 1912 से अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा हाथी एडिबल ऑयल भारत में पैकेज्ड खाद्य तेल श्रेणी के अग्रणी ब्रांडों में शामिल है।

फिगारो ने मल्टीपर्पस ऑलिव ऑयल रेंज का विस्तार किया

मुम्बई। फिगारो मल्टीपर्पस ऑलिव ऑयल ने अपनी रेंज का विस्तार कर रहा है। नए पैक फॉर्मेट को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि उपभोक्ता अपनी अलग-अलग ज़रूरतों के हिसाब से इनका इस्तेमाल कर सकें। डिओलिओ (भारत) में मार्केटिंग और इनोवेशन की डायरेक्टर, सतरूपा मजूमदार ने कहा, जैसे-जैसे उपभोक्ताओं की ज़रूरतें और खरीदारी की आदतें बदल रही हैं, हमारा पूरा ध्यान इस बात पर है कि फिगारो मल्टीपर्पस ऑलिव ऑयल हर तरह के इस्तेमाल और घरेलू ज़रूरतों के लिए आसानी से उपलब्ध हो। ये नए पैक फॉर्मेट हमारे उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

निसान मोटर की अक्टूबर में घरेलू होलसेल बिक्री में वृद्धि

गुरुग्राम। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज अपनी घरेलू होलसेल बिक्री में अक्टूबर, 2026 में सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का एलान किया। अक्टूबर, 2025 में निसान ने 2,402 कारों की बिक्री की थी, जो आंकड़ा इस साल 3,600 यूनिट्स का रहा। लगातार आठवें महीने निसान ने घरेलू बिक्री में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की है। जनवरी से अक्टूबर, 2026 के दौरान कंपनी ने घरेलू एवं निर्यात बाजारों में कुल 85,124 कारों की बिक्री की।

उपभोक्ता शिकायतों के समाधान में लापरवाही पर दूरसंचार कंपनियों को भरना होगा जुर्माना

नयी दिल्ली। यदि दूरसंचार परिचालक और इंटरनेट सेवा प्रदाता उपभोक्ता शिकायतों का निपटारा करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें प्रति लाइसेंस प्राप्त सेवा सर्किल में हर तिमाही 20 लाख रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सोमवार को इस संबंध में नए नियम जारी किए। नियामक ने दूरसंचार और इंटरनेट परिचालकों के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र को और सख्त कर दिया है। शिकायत या अपील के निपटान पर सेवा प्रदाताओं के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की सूची में ट्राई ने कहा, एक सेवा प्रदाता द्वारा देय वित्तीय जुर्माने की राशि लाइसेंस प्राप्त या अधिकृत सेवा सर्किल के लिए प्रति तिमाही

ट्राई ने जारी किये नये नियम

20 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। नियामक ने दूरसंचार और इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए चौबीसों घंटे चालू रहने वाले शिकायत केंद्र स्थापित करना अनिवार्य कर दिया है, जिसमें प्रतिनिधि दिन में कम से कम 16 घंटे उपलब्ध रहेंगे। अगर कोई उपभोक्ता किसी एआई एजेंट से बात कर रहा है, तो इसकी सूचना उस व्यक्ति को दी जानी चाहिए और शिकायत केंद्र को मानवीय निगरानी के तहत संचालित करना होगा। ग्राहक सेवा नंबर पर बातचीत नि:शुल्क होनी चाहिए। इसके अलावा, सेवा प्रदाताओं को अपनी वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करने का विकल्प देना होगा। सेवा प्रदाता को एक डॉकेट नंबर के साथ शिकायत या अनुरोध की पुष्टि करनी होगी और जब तक शिकायत का समाधान नहीं हो जाता, तब तक उपभोक्ताओं को नियमित जानकारी देनी होगी। शिकायत के निपटान के बाद अपील दायर करने की समय सीमा 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी गई है, क्योंकि उपभोक्ता आमतौर पर जल्द से जल्द अपील करना पसंद करते हैं, जबकि अधिक समय दिए जाने से अनुपालन आवश्यकताएं बढ़ जाती हैं। ट्राई ने नए नियमों में सुझाव यानी फीडबैक सर्वे की एक नई व्यवस्था जोड़ी है।

पिजन ने लॉन्च किया त्योहारी कैंपेन

मुंबई स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड के ब्रांड पिजन ने अपना नया फेस्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। यह कैंपेन भारतीय त्योहारों के दौरान भोजन, परिवार और प्यार के बीच के गहरे रिश्ते को दर्शाता है। इसके जरिए पिजन ने रोजमर्रा की जिंदगी में इनोवेशन को बढ़ावा देने के साथ यह दिखाने की कोशिश की है कि आधुनिक किचन अप्लायंसेज खाना बनाने, मेहमानों की मेजबानी करने और परिवार के साथ भोजन साझा करने के अनुभव को कितना आसान और बेहतर बना सकते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर और संस्थापक राजेंद्र जे. गांधी ने कहा त्योहार भारतीय परिवारों की सबसे प्रिय विरासत को एक साथ लाते हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा सूचना संख्या-

12/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-2027

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शक्ति भवन (मु०) के 7वें तल पर स्थित सामान्य पुरूष प्रसाधन के रेनोवेशन एवं आवश्यक अनुरक्षण कार्य की निविदा दिनांक 30.11.2026 तक आमंत्रित की जाती है, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

सं0 877 अधि0अभि0(जा)ई / टेण्डर दि0 02.11.2026

अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
9वां तल, शक्ति भवन विस्तार
14-अशोक मार्ग, लखनऊ

''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''

सूचना

मैने अपना नाम RAM SHANKER से बदलकर RAM SHANKAR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BINDA PRASAD ADD-SHITALA BAKS KHERA, PINDURI, UNNAO MAURAWAN-209821 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम IZLAL AHMAD से बदलकर IJLAL AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ZAFAR AHMAD ADD-1 NAVIULLAH ROAD NAYI BASTI AMINABAD PARK DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SARWAT TAHERA से बदलकर SARRUWAT TAHIRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-गुफारन अहमद ADD/107/77 BAISI KI MASJID GULAM HASAB KI MASJID, TALAB GAGNI SHUKL VTC DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम MOHD WASEEM से बदलकर MOHD NASEEM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD SALEEM R/0-SADILLAH NAGAR DIST-LUCKNOW (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम RUQIYA BEGUM से बदलकर RUKAIYA BEGAM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHD NASEEM R/0-JANKIPURAM DIST-LUCKNOW (U.P.)

NOTICE

I, SUNITA ALIAS SONI D/O NANHEY PRASAD W/O VISNU R/O KARORA, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-227308 HAVE CHANGED MY NAME TO SONI FOR ALL FUTURE PURPOSES.

NOTICE

I, AKSHA MALIK S/O MOHD NASEEM R/O VILLAGE BAIRAMABAD GADI, NEHTAUR, BIJNOR, UTTAR PRADESH-246733 HAVE CHANGED MY NAME TO AQSA MOHAMMADALI MOMIN FOR ALL FUTURE PURPOSES.

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AJEET था जिसे बदलकर AJEET KUMAR रख लिया है अब मुझे AJEET KUMAR के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM KISUN ADDRESS-HATHI PURWA WAZIRGANJ POST AND PS-WAZIR GANJ DIST-GONDA-271124 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम NUR ALAM से बदलकर NOOR ALAM रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। नूर आलम (NOOR ALAM) पुत्र श्री रहमत अली पता- टिकैतगंज मोहसन्द जिला-बाराबंकी उ0प्र0

सूचना

मैं, रंजीत सिंह पुत्र श्री शेर सिंह नि०- 39ख/643, बड़ी जुगौली गोमती नगर, लखनऊ, उ०प्र०- 226010 सूचित करना चाहता हूँ कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2004 के अनुक्रमांक संख्या 2703820 है के प्रमाण पत्र संख्या 0843903 में मेरी माँ का नाम त्रुटिवश सावित्री सिंह अंकित हो गया है जबकि मेरी माता का वास्तविक नाम सुमित्रा देवी है।

सूचना

मैने अपना नाम MOHD FAHEEM से बदलकर MOHD FAHEEM IDRISHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD ASHLAM ADD-BLOCK No-74 ROOM No-888 SAROJ CHAURAHA, KRISHI FROM KASHI RAM COLONY, PO-PRATAPGARH DIST-PRATAPGARH-230001 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम MAHE NOOR से बदलकर MOHI NOOR रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पुत्री-समीउल्लाह पता-124/1 KAREEM GANJ ISLAM CANTEEN KRISHNA PURI COLONY DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHAKIL था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O MOHAMMAD IBRAHIM R/O QILA BAZAR 120 ZERDHUS UNNAO 209801 UP

सूचना

मैने अपना नाम SHADAB से बदलकर MOHAMMAD SHADAB रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ANWAR HUSAIN R/0-SANDILADIST-HARDOI (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम ASMA से बदलकर AYSHA BANO रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W0-MO SALEEM R/0-JANKIPURAM DIST-LUCKNOW (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम शाकिर (SHAKIR) से बदलकर साकिर अली (SAKIR ALI) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। साकिर अली (SAKIR ALI) पुत्र श्री आविद अली पता-332 गढइ पार खखरेरु जिला-फतेहपुर उ0प्र0


सूचना

पहले मेरा नाम AYAAN ALAM था जिसे बदलकर MOHAMMAD AYAN ALAM रख लिया है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD MAHBOOB ALAM ADD-557/422 D SUJANPURA ROAD ALAMBAGH DIST-LUCKNOW (U.P.)

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BADRI था जिसे बदलकर अब मैने बदरी यादव कर लिया है अतः आज से मुझे BADRI YADAV S/0-झगडू के नाम से जाना व पहचाना और लिखा जाये। पता-धुसवा खास, मनकापुर जिला-गोण्डा उ0प्र0

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,233 अंक चढ़ा



मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी आई। कच्चे तेल के दाम में नरमी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में जोरदार लिवाली से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,233 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी निवेशकों के पूंजी प्रवाह और घरेलू अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेतकों से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,233.25 अंक यानी 1.66 प्रतिशत चढ़कर 75,692.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 387.70 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,440.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 11.64 प्रतिशत की जोरदार तेजी आई। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 33.8 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 29,550 करोड़ रुपये पर रहा। इसके अलावा, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी और मारुति सुजुकी में भी तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.46 प्रतिशत टूटकर 108.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,598.54 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार ने सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ की। दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर नतीजों और घरेलू परिस्थितियों में सुधार से बाजार को समर्थन मिला। घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों ने भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **इलाहाबाद :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** गांधी भवन के सामने, **आगरा :** महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली :** परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना :** फ्रेजर रोड, **रांची :** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-13254

आर.एन.आई. नं. 47967/89

फोन-0522-2209312, 2209313

aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

शुद्धि पत्र-2

इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-10(2)/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27 एवं 10(4)/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27 के विरूद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 02.11.2026 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 11.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्ते पूर्ववत रहेगी।

सं0 898 अधि0अभि0(जा0)ई / टेण्डर दि0 02.11.2026

अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
9वां तल, शक्ति भवन विस्तार
14-अशोक मार्ग, लखनऊ

''राष्ट्र हित में बिजली बचाए''

स्वस्थ बचपन ही सशक्त समाज और विकसित उत्तर प्रदेश की आधारशिला



सभापति श्रीमती अंजुला माहौर सहित अन्य सदस्यों ने बच्चों के अधिकारों, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा बाल्यावस्था में मोटापे की रोकथाम के लिए विधायी स्तर पर किए जा सकने वाले प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। परिवार, विद्यालय और समाज के स्तर पर बच्चों को स्वस्थ खान-पान एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी बल दिया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आज विधान सभा में यूनिसेफ, उत्तर प्रदेश कार्यालय तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में बाल्यावस्था में बढ़ते मोटापे की समस्या, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, बाल अधिकारों तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यूनिसेफ, उत्तर प्रदेश कार्यालय के चीफ डॉ. जकारी एडम ने इस संबंध में अपनी बात रखी। बैठक में यूनिसेफ की ओर से स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञों सहित अधिकारियों तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में बच्चों के बीच बढ़ते मोटापे को एक उभरती हुई गंभीर चुनौती बताते हुए इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों की जानकारी दी। यूनिसेफ प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल्यावस्था में मोटापा आगे चलकर गैर-संचारी रोगों तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकता है। इसका प्रभाव बच्चों की शिक्षा, दैनिक जीवनशैली और भविष्य की संभावनाओं पर भी पड़ सकता है। खाद्य वातावरण में बदलाव, वसा, नमक एवं चीनी की अधिक मात्रा वाले खाद्य पदार्थों का बढ़ता प्रचार-प्रसार तथा बदलती खान-पान एवं जीवनशैली को इसके प्रमुख कारणों में बताया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास संबंधी संयुक्त विधायी समिति की

सीएमएस में शुरू हुआ कॉनकार्ड

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेन्ट 'कॉनकार्ड-2026' का भव्य उद्घाटन आज सायं सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में धूमधाम से स पन्न हुआ। रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के गीत गाते बाल फुटबाल खिलाड़ियों की उपस्थित से स पूर्ण ऑडिटोरियम खेल भावना से परिपूर्ण हो गया। मुख्य अतिथि एवं पूर्व सी.एम.एस. छात्र कमाण्डर निखिल वैश ने दीप प्रज्वलित कर 'कॉनकार्ड-2026' का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कमाण्डर वैश ने कहा कि अनुशासन, निष्ठा, राष्ट्रप्रेम तथा खेल भावना ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान है। उन्होंने स्कूल स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय फुटबाल टूर्नामेन्ट आयोजित करने हेतु सिटी मोन्टेसरी स्कूल को बधाई दी।

विश्व पटल पर कायम है लखनऊ की खाद्य संस्कृति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में अपनी सभ्यता,संस्कृति के लिए चर्चित है,वहीं खाद्य संस्कृति को लेकर आज भी विश्व पटल पर अपनी अनूठी छाप छोड़े है,चाहे यहां का शाकाहारी खाना हो या मांसाहारी सभी पूरी दुनिया में पसंद किया जाते हैं, इसी क्रम में चाय,बन मक्खन और खास गोल समोसे के लालबाग इलाके में मौजूद शर्मा जी की चाय को कौन नहीं जानता। लालबाग के पुराने बाशिंदे बताते हैं कि ओमप्रकाश शर्मा ने 1949 में हजरतगंज की चहल-पहल वाली गलियों के पास एक छोटी-सी चाय की दुकान से इसकी शुरुआत की थी। आज यह ब्रांड लखनऊ की खानपान संस्कृति का अहम हिस्सा बन चुका है और शर्मा परिवार की तीसरी पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः- 4956/2काम(बी)-गो0वृ0/26-27 दिनांक 27.10.2026

ई-निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बलरामपुर/प्रान्तीय खण्ड	जनपद बलरामपुर में बहराईच सिरसिया तुलसीपुर गुलरिया मार्ग (राज्य मार्ग संख्या- 158) चैनेज 69.050 से 85.000 तक चौड़ीकरण एवं सदृढ़ीकरण कार्य	6950.00	69.50	11800	15 माह	ए

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.11.2026 से 19.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 19.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 19.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 19.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(कुमार शैलेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 259932 दि. 30.10.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में अब तक का सर्वाधिक पीएटी और एबिटा दर्ज किया

मुम्बई। वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड ने आज 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अपने आय परिणाम घोषित किए। कंपनी ने लगातार चौथी लाभदायक तिमाही दर्ज की, जिसमें कर अदायगी के बाद लाभ (पीएटी) 11.8 करोड़ और एबिटा 22.7 करोड़ रहा, जो उसका अब तक का सर्वाधिक तिमाही पीएटी और एबिटा है। कुल आय 302.8 करोड़ रही। प्लेटफ़ॉर्म जीएमवी ने 59,677 करोड़ के नए तिमाही उच्च स्तर को छुआ, जो 35 प्रतिशत साल डर साल बढ़ोतरी दर्शाता है, साथ ही लेंडिंग वितरण 34 प्रतिशत साल डर साल बढ़कर वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में 1,082.6 करोड़ हो गया। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, मोबिक्किक के सह-संस्थापक, एमडी और सीईओ बिपिन प्रीत सिंह ने कहा वित्त वर्ष 27 की दूसरी तिमाही हमारी लगातार चौथी मुनाफे वाली तिमाही है, जो एक टिकाऊ बिज़नेस बनाने की दिशा में हमारी तेज प्रगति को दर्शाती है। हमने लेंडिंग वितरण में 1000 करोड़ का मील का पत्थर पार किया हैं।

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड के 30 साल पूरे

मुम्बई। एचडीएफसी लार्ज कैप फंड ने अक्टूबर 2026 में अपने 30 साल पूरे कर लिए हैं। यह एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है जो मुख्य रूप से लार्ज कैप शेयरों में निवेश करती है। 1996 में शुरू होने के बाद से इस फंड ने 17.62 प्रतिशत सालाना चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है।30 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार फंड शुरू होने के समय किया गया 1 लाख रुपये का एकमुश्त निवेश लगभग 130 गुना बढ़कर करीब 1.30 करोड़ रुपये हो गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 - 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र) वेबसाईट : "http://www.ldalucknow.in"

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र.स.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1	स्व. सुरेन्द्र कुमार नारंग	भवन सं. ए-2/284	विशाल खण्ड गोमती नगर योजना	08.05.2021	श्रीमती हरीश नारंग	श्रीमती रितू कुमार श्रीमती संगीता नारंग श्रीमती प्रीती नारंग	पत्नी पुत्री पुत्री पुत्री
2	स्व. सुभाष निगम एवं श्रीमती सत्या निगम	भवन/भूखण्ड सं. एल-4/09	अलीगंज योजना	17.07.2025	श्रीमती सत्या निगम	वसीयतनाम	पत्नी
3	स्व. नलिनी प्रसाद	फ्लैट संख्या-आर-18	नेहरू इन्क्लेव गोमती नगर योजना	06.12.2020	श्री तुषार कुमार-पौत्र	-	पौत्र
4	स्व. अरविन्द	भूखण्ड सं. 3/79	विवेक खण्ड,गोमती नगर लखनऊ	14.07.2023	श्रीमती प्रसूनलता सिंह श्री विवेक सिंह, श्री विशाल सिंह	उत्तराधिकार के आधार पर	-
5	स्व. जनक लली सिंह	भूखण्ड सं. 4/131	विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ	07.11.2023	श्री शैलेष कृष्ण सिंह श्री आदित्य कुमार सिंह	श्रीमती प्रीतिलता सिंह श्रीमती शीश लता सिंह श्रीमती अमृता सिंह श्रीमती आशालता सिंह	पुत्री-विवाहित पुत्री-विवाहित पुत्री-विवाहित पुत्री-विवाहित

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव